संख्या-२४/२०१७/2093/52-1-17-1(26)/2013

प्रेषक,

मोनिका एस0 गर्ग,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0,
लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक 24 अगस्त, 2017

विषय- वित्तीय वर्ष 2017-18 में अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय हेतु राजस्व पक्ष में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1841/अ0सं0क0नि0-52/लेखा/बजट-प्रावि/2017-18, दिनांक 10.08.2017 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय हेतु अनुदान संख्या- 48 के मानक मद-03 के अन्तर्गत विभिन्न मदों में राजस्व पक्ष में प्राविधानित धनराशि रू0 221.84 लाख में से प्रथम 05 माह की धनराशि रू0 107.12 लाख निर्गत करने के उपरान्त अवशेष धनराशि रू0 114.72 लाख (रू0 एक करोड चौदह लाख बहत्तर हजार मात्र) को निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-
001-निदेशन तथा प्रशासन
03-अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	मद का नाम	वर्ष 2017-18 में प्रस्तावित आय-व्ययक प्राविधान	प्रथम 05 माह की धनराशि निर्गतोपरान्त अवशेष धनराशि
1	2	3	4
1	01-वेतन	162.67	80.91
2	02-मजदूरी	0.62	0.36
3	03-मंहगाई भत्ता	9.76	5.67
4	04-यात्रा-व्यय	1.75	1.02
5	05-स्थानान्तरण यात्रा-व्यय	0.20	0.12
6	06-अन्य भत्ते	8.00	4.67
7	07-मानदेय	0.20	0.12

http://bhasai.aies.up.nic.in

8	08-कार्यालय-व्यय	3.30	1.92
9	11-लेखन साम्रगी एवं एवं फार्मों की छपाई	2.50	1.46
10	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	4.00	2.33
11	13-टेलीफोन पर व्यय	1.50	0.87
12	15-वाहनों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद	4.00	2.33
13	16-व्यवसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	3.00	1.75
14	18-प्रकाशन	0.50	0.29
15	42-अन्य व्यय	0.80	0.47
16	44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	0.24	0.14
17	45-अवकाश यात्रा व्यय	1.00	0.58
18	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	0.50	0.29
19	47-कम्प्यूटर स्टेशनरी/अनुरक्षण	3.00	1.75
20	49-चिकित्सा व्यय	2.40	0.73
21	51-वर्दी व्यय	0.07	0.04
22	52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	11.83	6.90
	योग	**221.84**	**114.72**

1- कोषागार से धनराशि का आहरण मासिक आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा तथा धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर में जमा नहीं किया जायेगा।

2- वेतन हेतु स्वीकृत धनराशि से केवल शासन द्वारा अनुमोंदित पदों के वेतन आदि का ही भुगतान किया जायेगा।

3- किसी भी दशा में उक्त धनराशि किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नहीं किया जायेगा। उक्त मदों पर होने वाला व्यय इस सम्बन्ध में समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी किये गये मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट मात्र) किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

3- उक्त मदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय की सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-8/2017/बी0-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक 03.08.2017 में प्रदत्त निर्देशों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(मोनिका एस0 गर्ग)

UniCode Gov. Inter College. G.O

http://shasanadesh.up.nic.in

प्रमुख सचिव।

संख्या-2093(1)/52-1-17-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
4- वित्त-ई-11 अनुभाग/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (02 प्रतियों में)/नियोजन अनुभाग-3
5- सम्बन्धित सहायक।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(दीनानाथ)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in